कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर

विज्ञप्ति

दिनांक– सितम्बर 22, 2018

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा संचालित मध्यस्थता केन्द्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर, के कार्यालय में सृजित तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के 02 पदों पर मासिक पारिश्रमिक 9000/– रूपये की दर से संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिए नियुक्ति की जानी है।

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी व नियत अवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय गाजीपुर की वेबसाईट www.ecourts.gov.in अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय गाजीपुर के नोटिस बोर्ड पर देखें।

पात्रता–

1– आवेदक कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2– आवेदक आवेदन करने की तिथि को DOEACC सोसाइटी द्वारा ट्रिपल 'C' प्रमाण पत्र प्राप्त हो।

3– आवेदक हिन्दी भाषा में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी भाषा में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप करने की योग्यता रखते हो। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में टाइप व आशुलेखन का ज्ञान हो उन्हें वरीयता दी जायेगी।

4– आवेदक की आयु दिनांक 01–09–2018 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।

5– ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे, जिनके विरूद्ध कोई अपराधिक वाद/जॉच लम्बित हो अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो।

आवेदन प्राप्ति का अन्तिम दिनांक–

आवेदक अपना आवेदन नियत प्रारूप पर सुस्पष्ट लेख में भर कर आवश्यक प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर–233001 में दिनांक 09–10–2018 को सायं 04:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर अपना पंजीयन करा सकते है।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित प्रपत्र–

1– शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉं ;

2– जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति ;

3– आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति ;

4– निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति ;

5– दो पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन फोटोग्राम (एक आवेदन में नियत स्थान पर लगाया जाना है एवं एक आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है) ;

6– अभ्यर्थी अपने नाम व पते का 24x27 साइज का 2 लिफाफा जिस पर 27/– रू0 का टिकट लगा हो संलग्न करें।

परीक्षा हेतु नियत स्थान व दिनांक–

पंजीकृत अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु दिनांक 28–10–2018 को प्रातः 10–30 बजे मीटिंग हॉल जनपद न्यायालय गाजीपुर में उपस्थित हो। परीक्षा स्थल पर आने जाने हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियॉं परीक्षा के समय साथ लेकर उपस्थित हों।

(चन्द्र शेखर प्रसाद)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजीपुर

दिनांक : 22–09–2018

विज्ञप्ति की एक–एक प्रति मय आवेदन प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर एवं नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय गाजीपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये, जनपद न्यायालय गाजीपुर एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेबसाईट पर भी अपलोड की जाये तथा जिला सूचना अधिकारी गाजीपुर के माध्यम से उक्त आशय की सूचना जनपद के समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायी जाये।

22.09.18
(चन्द्र शेखर प्रसाद)
जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
गाजीपुर

दिनांक : 22–09–2018

जिला विधिक सेवा प्राधिकारण गाजीपुर

कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियत पारिश्रमिक पर संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिए नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

स्वप्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ चिपकाए

1. अभ्यर्थी का नाम ....
2. पिता/पति का नाम ....
3. जन्म तिथि ....
   दिनांक 01.09.2018 को आयु ....
4. स्थायी पता ....
   ....
   ....
5. वर्तमान पता ....
   ....
   ....
6. मोबाईल नम्बर ....
7. ई–मेल आई0डी0 यदि हो ....
8. वर्ग ....
9. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य)..
10. वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित)..
11. शैक्षिक योग्यता ....

उदघोषणा

मैं उदघोषित करता/करती हूँ कि आवेदन में दिया गया समस्त विवरण मेरी जानकारी में सही व सत्य है, इसमें कोई बात छिपायी नहीं गयी है। मैंने सभी नियम एवं शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है, जो मुझे स्वीकार्य है। यदि किसी स्थिति में यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा उदघोषित तथ्य गलत पाये जाते हैं, तो बिना किसी अन्य कारण के मेरी संविदा पर नियुक्ति निरस्त की जा सकती है।

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर दिनांक सहित